हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 मार्च, 2025

11 शहर के बाजारों में अतिक्रमण कर रहे दुकानदार



12 दो अवैध कॉलोनियों में चली डीटीपी की जेसीबी






**खबर संक्षेप**

## प्लाट में खड़ी 22 टायरों वाली गाड़ी चोरी

झज्जर : शहर के कोसली बाईपास पर एक प्लाट में खड़ी गाड़ी चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से जिले के ढाणा गांव निवासी विकास ने बताया कि वह फिलहाल सुभाष नगर में रहकर ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसने 22 टायरों वाली एक गाड़ी पर मालियावास निवासी मोनू को ड्राईवर रखा हुआ है। बीती एक मार्च की शाम गाड़ी चालक मोनू बहादुरगढ़ से गाड़ी खाली करके रात करीब पौने ग्यारह बजे झज्जर पहुंचा था। उसने कोसली रोड स्थित एक खाली प्लाट में खड़ी की थी। अगले दिन सुबह दो मार्च की सुबह करीब पौने छह जब चालक ने बाईपास आकर देखा तो वहां से गाड़ी चोरी हो चुकी थी। इसके बाद ड्राईवर द्वारा गाड़ी चोरी होने की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को शिकायत दी।

## एमआर कॉलेज के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**झज्जर।** एमआर कॉलेज ऑफ वैटनरी साइंस एवं रिसर्च सेंटर हसनपुर के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने लुवास विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एमआर पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर जगतवीर फौगाट ने बताया कि तृतीय वर्ष में 16 विद्यार्थियों में से दीपांशु ने 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रिषभ 85.7 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, आदर्श 84.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहा। सभी विद्यार्थियों ने 78.7 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर परीक्षा पास की। एमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक सोमबीर कोडान ने सराहनीय परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों की सराहना की।

### एनएसएस कैंप के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं ने निकाली प्रभातफेरी

# जसौरखेड़ी में जलसंरक्षण के लिए किया प्रेरित

छात्राओं ने गांव के बुजुर्गों से बातचीत कर तालाब की सफाई और जल संरक्षण के लिए जागरूक किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




**बहादुरगढ़।** प्रभातफेरी के बाद गांव जसौरखेड़ी के तालाब पर पहुंची छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा एनएसएस कैंप के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं ने मंगलवार को जल संरक्षण को लेकर प्रभात फेरी निकाली। प्रातःकालीन सत्र में छात्राओं ने गांव के तालाब पर जाकर सफाई की।

भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील ने छात्राओं को तालाब के पारिस्थितिक तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि ग्रामीणों की कई गतिविधियां इसकी संरचना को क्षति पहुंचा रही हैं। छात्राओं ने गांव के बुजुर्गों से बातचीत कर तालाब की सफाई और जल संरक्षण के लिए जागरूक किया। शाम के सत्र में मेडिकल ऑफिसर डॉ संजीव कुक्कल ने छात्राओं को कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी पर व्याख्यान दिया। साथ ही छात्राओं से यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

इसके अलावा योग प्रशिक्षक रामनिवास दहिया ने छात्राओं को ध्यान करवाया। ताकि वे मानसिक रूप से सुदृढ़ हो सकें। एनएसएस प्रभारी डॉ सुनैना की देखरेख में चल रहे कैंप में छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को समझाया कि जल जीवन के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जल की दो बूंद बिना जीवन संभव नहीं है। सभी छात्राओं से अपने आसपास के लोगों को जल का संरक्षण करने, जल व्यर्थ न बहाने और जितनी जरूरत हो उतना ही पानी इस्तेमाल करने के लिए समझाने का अनुरोध किया।



**बहादुरगढ़।** गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करती पार्षद सरिता। फोटो : हरिभूमि

## गली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** वार्ड 31 की छिकारा कॉलोनी में पांच लाख रुपये की लागत से नई गली बनेगी। पार्षद सरिता ने वार्ड वासियों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद सरिता ने कहा कि गली से आने जाने में लोगों को परेशानी हो रही थी।

निर्माण होने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि गली के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर सिकंदर, चांद, कृष्ण खरब, परमेश ठेकेदार, सोनू दीपक, शुभम, सतबीर दहिया आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** शीतल को बधाई देती प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## शीतल ने उत्तीर्ण की यूजीसी की परीक्षा

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीकॉम छात्रा शीतल ने यूजीसी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करके परिवार के साथ महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने शीतल को बधाई के साथ आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि यूजीसी नेट परीक्षा पास करने से असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की पात्रता मिलती है। पीएचडी में मेरिट स्कोर में फायदा मिलता है। उन्होंने कहा कि शीतल जैसी होनहार छात्राएं सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति ने भी शीतल को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। सुजाता वर्मा, वंदना अग्रवाल व सीमा ने भी शीतल को बधाई दी।


# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है।

प्राचार्या अलका गुलाटीने कहा कि बाल विवाह के चलते लड़कियां शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। हमें अपने स्तर पर बाल विवाह रोकने का प्रयास करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता कोमल ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध और दंडनीय अपराध है।

इसमें संलिप्त लोगों को दो साल तक की कैद और एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है। लीगलसैल के रवींद्र ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों का समुचित विकास नहीं हो पाता।



**बहादुरगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** मीटिंग में मौजूद अनुबंध कर्मचारी संघ की बैठक। फोटो : हरिभूमि

## उपमंडल कार्यकारिणी गठित धन संग्रह पर किया मंथन

**झज्जर।** मंगलवार को अनुबंध कर्मचारी संघ की बैठक माछरौली सब डिवीजन परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने की जबकि मंच संचालन जिला सचिव नीरज ढुल द्वारा किया गया। बैठक के दौरान माछरौली सब डिवीजन की कार्यकारिणी गठित करने बारे भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कर्मचारियों को संगठन की यूएचबीवीएन एमडी व मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठकों बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला सह सचिव जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष श्रवण मोर, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, डिवीजन के अध्यक्ष संदीप सिवाच, उपाध्यक्ष सुंदर, बेरी डिवीजन के अध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित, सुनील चोपड़ा, मोहित, निकास, सुधीर, गुलशन, भीष्म, रवि सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** रंगोली प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षिकाएं।

## रंगोली स्पर्धा में ईशा व भारती की टीम रही प्रथम

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग द्वारा रंगोली कंपीटिशन का आयोजन कराया गया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय, कंप्यूटर एवं उसके तत्व, डिजिटल विपणन, प्रतिभूति बाजार एवं प्रबंधन के कार्य विषय पर रंगोली बनाई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने की। प्रतियोगिता परिणामों में ईशा व भारती की टीम को प्रथम, किरण व वैशाली की टीम को द्वितीय तथा दीपा व सलोनी की टीम को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला, डॉक्टर मीनाक्षी व कोमल ने निभाई। प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी से छात्राओं में सांस्कृतिक चेतना और कलात्मक कौशल का विकास होता है। साथ ही टीम वर्क से सहयोग और प्रभावी संचार के महत्व को भी समझने में मदद मिलती है। इस मौके पर कॉमर्स विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अंजू जैन, कोमल, नीतू और श्रुति सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## डीआईपीआरओ के सोशल मीडिया से रहें अपडेट

**झज्जर।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण गतिविधियों को डीआईपीआरओ के सोशल मीडिया पर नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है। नागरिक सरकारी योजनाओं, नीतियों और जिला प्रशासन की गतिविधियों व जनहित की सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए डीआईपीआरओ के सोशल मीडिया अकाउंट्स को अधिक से अधिक लोग फॉलो करें। उन्होंने कहा कि डीआईपीआरओ झज्जर कार्यालय के फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आधिकारिक अकाउंट्स मौजूद हैं। जहां जिला प्रशासन की रोजमर्रा की गतिविधियों के साथ-साथ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सूचनाएं दी जाती हैं।

# कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता में खुशी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर सुनीता की अध्यक्षता में हिंदी विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट द्वारा अंतः कक्षीय कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाली सभी साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सीमा कुंडू ने बताया कि कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, पिंकी, आरती व प्रियंका ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर अजय कुमार, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर रवि प्रकाश, डॉक्टर दीपा, सुमित, भाग्यश्री, निधि आदि मौजूद रहे।




**झज्जर।** महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा, सम्मानित

**झज्जर।** मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय दुजाना में अंग्रेजी विभाग, राजनीति विभाग व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर सुनीता ने की। अपने संबोधन में प्राचार्या ने विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों में भाग लेकर उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता निधि बाई, राजनीति विभाग से डॉक्टर अनीता व अर्थशास्त्र विभाग से डॉक्टर दीपा ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या द्वारा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर डॉक्टर भारतेन्द्र, डॉक्टर नरेन्द्र दहिया व डॉक्टर अंजूबाला सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# कैंसर से डरे नहीं बल्कि इस घातक बीमारी को खत्म करने में योगदान दें : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्ट्डीज इन टीचर एजुकेशन में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि बीमारियों का कोई अंत नहीं है। कैंसर जैसी घातक बीमारी से हमें दूर रहने का प्रयास करना चाहिए। इससे बचने के लिए हमें तंबाकू व नशे की चंगुल से बाहर निकलना होगा।

कैंसर से डरे नहीं बल्कि इस घातक बीमारी से लड़ने का प्रयास करें और बीमारियों को खत्म करने के लिए अपना सहयोग दें। एनएसएस इंचार्ज डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि संस्थान प्राचार्या डॉक्टर संतोष की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उप सिविल सर्जन डॉक्टर संदीप गुराण, एम्स बाढ़सा से कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम मित्रता क्लीनिक जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने शिरकत की।

मुख्य वक्ता डॉक्टर ज्योति कहा कि हमें समय रहते कैंसर से लड़ना होगा ताकि अपने जीवन खुशहाल बना सके। तंबाकू निषेध कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉक्टर संदीप गुराण ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस मौके पर प्राध्यापक नवभारत यादव, डॉक्टर विजेंद्र कुमार, डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर सतपाल, डॉक्टर पवन यादव, डॉक्टर शीतल, सारिका, हॉस्टल वार्डन दीपक सैनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

## नियमों की पालना कराने डीएसपी सड़क पर नाईवाली चौक पर काटे वाहनों के चालान

**रेवाड़ी।** ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए मंगलवार सुबह खुद डीएसपी ट्रैफिक दलीप शंकर ने मोर्चा संभाला। डीएसपी ने वाहनों की जांच के दौरान चौक पर दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए। सुबह ही डीएसपी ट्रैफिक दलीप शंकर नाईवाली चौक पर स्टाफ सहित पहुंचे। उन्होंने वाहनों के कागजों की जांच शुरू की। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चालक फंसे जिनके कागजात पूरे नहीं थे। इन वाहनों के चालान काटे गए। नाईवाली चौक पर दुपहिया वाहन चालक इधर-उधर से बचकर निकलते हुए नजर आए। दोपहर तक पुलिस ने दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान करते हुए जुर्माना वसूला। जिन वाहन चालकों के कागज पूरे नहीं थे, वह दूसरे रास्तों से पुलिस से बचकर निकल गए। डीएसपी ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों की पालना नहीं होने से ही सड़क हादसों की आशंका बढ़ती है, इसलिए आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करते हुए पुलिस का सहयोग करना चाहिए।



**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक पर वाहनों के चालान करते हुए डीएसपी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** शहीद रमेश कुमार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी एवं शिक्षक।

## शिक्षकों ने शहीद रमेश कुमार को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा शहीद रमेश कुमार को उनके शहादत दिवस पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। शहीद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जोगेंद्र सिंह ने बताया कि इस विद्यालय का नाम शहीद रमेश कुमार के नाम पर रखा गया है। अमर जवान रमेश कुमार ने चार मार्च 1989 को वीरता और शौर्य का परिचय देते हुए युद्ध के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था।

## सफाईकर्मी को नौकरी के नाम पर ठगा

**रेवाड़ी।** होटल में ठहरे एक व्यक्ति ने सफाई का कार्य करने वाले युवक को नौकरी के नाम पर हजारों रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। सदर थाने पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी पुलिस शिकायत में बालावास जमापुर निवासी कृष्णकांत ने बताया कि लगभग 2 माह पहले उसकी मुलाकात सुनील नाम के व्यक्ति से हुई थी। होटल पर काम करते हुए वह सुनील को कमरे में चाय देने के लिए गया था। इसी दौरान उसने बताया कि वह उसे एचकेआरएन के तहत नौकरी लगवा सकता है। उसे 50 हजार रुपये देने होंगे। कृष्णकांत ने बताया कि उसने सुनील को 4 हजार रुपये नकद और 46 हजार रुपये घर जाकर फोन-पे से भेजने को कहा था।

# निक्षय शिविरों में की जा चुकी 116329 लोगों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शहर के दिल्ली गेट व क्षेत्र के गोरिया गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दोनों स्थानों पर कुल 320 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें से 62 लोगों की टीबी जांच के लिए बलगम सैंपल भी लिए गए। इस दौरान टीबी की दवाइयां खा रहे।

मरीजों को दवाइयां एवं निक्षय पोषण किट भी उपलब्ध कराई गई। टीबी राज्य मुख्यालय की टीम में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जसकीरत एवं डाटा एनालिस्ट रवि कुमार द्वारा जिले में टीबी मुक्त पंचायत के लिए चिन्हित गांव के वेरिफिकेशन के लिए दौरा किया गया। निर्देश एवं पैमाने के अनुसार 62 गांवों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया।

सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप ने बताया कि साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। जिले में ग्रामीणों द्वारा पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए पुरजोर सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक कुल 116329 लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ 4215 लोगों के बलगम सैंपल एवं 1226 लोगों के एक्स-रे किए जा चुके हैं। इस दौरान डॉक्टर कुणाल कादियान, डीपीसी शमशेर, पीपीएम मीनाक्षी, अखिल अकाउंटेंट, आंकड़ा सहायक अशोक कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** शिविर में अपने स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### छारा की निलंबित सरपंच के नामांकन पत्र की शिकायत

**झज्जर।** छारा गांव की निलंबित सरपंच के नामांकन पत्र की जांच के आदेश दिए गए हैं। डीसी प्रदीप दहिया ने निलंबित सरपंच के नामांकन पत्र की जांच के लिए एडीसी को कहा है। डीसी ने बताया कि आरटीआई के माध्यम से नामांकन पत्र की जानकारी प्राप्त करके एक ग्रामीण ने जांच की मांग करते हुए शिकायत की है।डीसी ने आरटीआई के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर नामांकन पत्र की जांच के लिए प्राप्त शिकायत को एडीसी को मार्क किया है। उन्होंने एडीसी को 15 दिन के अंदर जांच पूरी करते हुए फाइल में रिपोर्ट देने का कहा गया है। ताकि शिकायत की निष्पक्ष रूप से जांच करते हुए समय पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**बहादुरगढ़।** गांव खैरपुर में ट्रक और स्कूटी की टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल की पहचान वीरभान सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कानोंदा का निवासी वीरभान सिंह रात करीब आठ बजे किसी काम के सिलसिले में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर पंजाबखोड़ जा रहा था। जब खैरपुर में एक मिक्स्चर प्लांट के पास पहुंचा तो वहां सामने से आ रहे एक ट्रक के साथ उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने फोन कर उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे

### कबलाना गांव में कुश्ती दंगल व भंडारा आठ को

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कबलाना के रामानंद ब्रह्मचारी आश्रम में आठ मार्च को बाबा रामानंद की याद में 85वें विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस वार्षिकोत्सव में दंगल के अलावा रागिनी कंपीटिशन व भंडारे का आयोजन भी होगा। प्रातः ग्यारह बजे से शुरू होने वाला दंगल सांय पांच बजे तक चलेगा। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि हंसवीर ने बताया कि दंगल में पहला इनाम एक लाख ग्यारह हजार, दूसरा इनाम इक्यावन हजार तथा तीसरा इनाम इक्कत्तीस हजार रुपये रखा गया है। इसके अलावा 31 सौ रुपये से 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि की भी अनेक कुश्तियां कराई जाएंगी।

### डीआरओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में डीआरओ प्रमोद चहल ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। शिविर में भूमि रिकॉर्ड, पेंशन, बिजली-पानी, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, और राजस्व से संबंधित शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। जिनमें से कई समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागों को निर्देश देकर तय समय सीमा में हल करने के लिए कहा गया।

### धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें नागरिक :डीसी

**झज्जर।** डीसी ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिक सतर्क रहें और किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है।

### खेत में बने कमरे से इनवर्टर व बैट्रियां चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बहराणा में खेत में बने कमरे से बैट्री, इनवर्टर, टूटी आदि सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में रोहिणी दिल्ली निवासी भूपेंद्र अहलावत ने बताया कि वह बरहाणा का मूल निवासी है तथा दिल्ली सरकार में राजपत्रित अधिकारी है। उसे मंगलवार को गांव के जगबीर ने फोन पर चोरी की सूचना दी। उसने देखा तो पता चला कि चोर कमरे में बने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर चार बैट्री, एक इंवर्टर व दो टूटी चुरा ले गए।

---

### बाजार में जगह-जगह दुकानों के आगे खड़ी की गई स्टैंडी भी रास्ता अवरुद्ध कर रही

# अतिक्रमण की जद में शहर, कहीं स्टैंडी तो कहीं मेज रखकर बढ़ाई जा रही हद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर






**झज्जर।** घुमावदार मोड़ पर दुकान के सामने खड़ी की गई स्टैंडी, मेन बाजार में दुकान के बाहर बनाया गया चबूतरा। फोटो :हरिभूमि

आजकल पूरा शहर अतिक्रमण की जद में है। बेशक नगर परिषद कर्मचारियों व पुलिसकर्मियों द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया गया अतिक्रमण हटवाया हो लेकिन शहर में फिर से वहीं स्थिति उत्पन्न होने लगी है। जहां कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे चबूतरों का निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है वहीं कुछ दुकानदारों द्वारा सेल लगाने के नाम पर अपनी दुकानों के आगे मेज रखकर रास्ता संकीर्ण किया जा रहा है। बाजार में जगह-जगह दुकानों के आगे खड़ी की गई स्टैंडी भी रास्ता अवरुद्ध कर रही हैं। घुमावदार मोड़ पर दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने खड़ी गई स्टैंडी से दूसरी तरफ से आता वाहन दिखाई नहीं देता। ऐसे में दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है। शहर के थाना वाला पीर के सामने से पुराना केला गोदाम जाने वाले रास्ते पर कुछ दुकानदारों द्वारा इस प्रकार स्टैंडी लगाई गई है। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड मार्ग का दौरा किया जाए तो कई दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे काउंटर लगाने की हद से निकलकर मेज लगाकर अपने सामान की सेल लगाई गई है। इसी रोड पर जहां कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे फल व सब्जियों की रेहड़ियां लगवाई जा रही है कुछ दुकान मालिक अपनी दुकानों के आगे फड़ लगवाकर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। नगर परिषद कर्मचारियों या पुलिस कर्मियों के दौरे के दौरान ये दुकानदार चुपके से बाहर लगाए सामान को अंदर रखवा लेते हैं तथा कर्मचारियों के चले जाने के बाद फिर से स्थित यथावत हो जाती है। इस प्रक्रिया में जब कोई दुकानदार अतिक्रमण हटाने वाले टीम के हत्थे चढ़ भी जाता है तो गरीब व जरुरतमंद रेहड़ी वाला कहकर उन्हीं दुकानदारों द्वारा उसका सामान छोड़ने की सिफारिश की जाती है। शहर में घूमकर देखा जाए तो अंबेडकर चौक से दिल्ली गेट तक जाने वाले मेन बाजार में राहगीरों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह रास्ता शहर के अन्य रास्तों की अपेक्षा संकीर्ण होने के चलते दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण और अधिक संकरा नजर आता है। इसिलानी गेट क्षेत्र में कच्चा बादली रोड पर महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के नजदीक, सरकुर्लर रोड अपेक्षाकृत यही हाल है। पिछले दिनों नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाते हुए दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने चबूतरों को तोड़ने के कार्य को अंजाम भी दिया गया था।

#### अतिक्रमण के अलावा पार्किंग की समस्या बड़ी चुनौती

अतिक्रमण के अलावा शहर में ग्राहकी करने आने वाले वाहन चालकों के लिए पार्किंग की समस्या भी बड़ी चुनौती बनी है। मेन बाजार में पार्किंग का उचित स्थान न होने के कारण भी लोग अपनी गाड़ियां बाजार में अंदर तक लाने को मजबूर हैं जो जाम का कारण बन जाती है। शहर में आने वाले पुराना बस स्टैंड परिसर में अपनी गाड़ियां खड़ी कर सकते हैं लेकिन ऐसे में उन्हें मेन बाजार पहुंचने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है। दूसरी पार्किंग डाकखाना परिसर में है लेकिन वहां अधिकांश दुकानदारों द्वारा अपनी गाड़ियां खड़ी की जाती है। ऐसे में कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी खड़ी भी कर देता है तो बाद में उसे पार्किंग से निकालने में खासा समय लग जाता है।

#### नियमों की अवहेलना करने पर की जाएगी कार्रवाई

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। फिर भी शहर में हालात नहीं सुधरे है। ऐसा करने वाले दुकानदारों के नियमानुसार चालान किए जाएंगे।

---

# भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया



**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- भारतीय किसान संघ ने हरियाणा में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय किसान संघ के बहादुरगढ़ स्थित प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि गुजरात के पालनपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में 21 से 23 फरवरी के दौरान अखिल भारतीय अधिवेशन में कार्यकर्ताओं ने गौ कृषि वाणिज्यम के तहत खेती करने का संकल्प लिया था। प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा में हुई थी। दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा देशभर के करीब 650 राष्ट्रवादी किसानों को बुलाकर यह शुरूआत की गई। छिकारा ने बताया कि भारतीय किसान संघ संगठनात्मक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक तरीके से किसानों के लिए काम करने वाला विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।

संघ का हर स्तर पर प्रत्येक तीन साल में गठन किया जाता है। इस बार भारतीय किसान संघ ने हरियाणा में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। करनाल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश कार्यालय के निर्माण का भी संकल्प लिया है। गुजरात में पिछले महीने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष केसाईं रेड्डी की अध्यक्षता, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी की विशेष उपस्थिति में सभी किसानों ने गौ कृषि वाणिज्यम के तहत खेती करने का संकल्प लिया था। इस मौके पर संजय जाखड़, जितेंद्र दुबे, चंद्रपाल, हवा सिंह, महाबीर सिंह, महताब छिकारा, जगदीप डबास, रमेश बराही, कर्मवीर सिंह, भारत राठी, प्रदीप, कमल सिंह, सुरेंद्र दहिया, विजय दिनोदिय आदि उपस्थित रहे।

---

# महिलाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक



**बेरी।** कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित करती सीडीपीओ सबिता मलिक। फोटो :हरिभूमि


**झज्जर।** मंगलवार को गांव डीघल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सीडीपीओ सबिता मलिक ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर विभाग द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाश डालते कहा कि यह दिन महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होने की चेष्टा पैदा करता है। इसलिए यह दिन हमारे लिए प्रेरणा का दिन है। सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका महिलाओं को लाभ उठाना चाहिए।

---

# साढ़े 4 लाख में बनेगी देव नगर की गली

- गली निर्माण कार्य शुरू करवाने पर स्थानीय निवासियों ने भाजपा नेताओं का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** गली निर्माण का नारियल फोड़ते दिनेश कौशिक व राजपाल जांगड़ा। फोटो :हरिभूमि


भाजपा नेता दिनेश कौशिक व झज्जर जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने मंगलवार को वार्ड-26 के देव नगर में करीब साढ़े 4 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गली के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। दिनेश कौशिक व राजपाल जांगड़ा ने ठेकेदार से गली के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने की हिदायत दी। गली निर्माण कार्य शुरू करवाने पर स्थानीय निवासियों ने भाजपा नेताओं का आभार जताया। दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ी है। क्षेत्र के विकास में प्रदेश सरकार अहम भूमिका निभा रही है। बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। ट्रिपल इंजन सरकार में चौतरफा विकास हो रहा है। सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही है। इस अवसर पर जेई संदीप, सुखबीर सौलधा, महेन्द्र, शेखर कौशिक, विकास काजला, विनोद प्रजापत, प्रवीन भारद्वाज, रोमी, रवि कौशिक, हन्नी बराही, दर्शन दुजाना व सुरेंद्र लोवा मौजूद रहे।

---

# प्रसादगिरी मंदिर में फाग महोत्सव की तैयारियां शुरू

- तीन दिवसीय विराट संत सम्मेलन 14 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में रंग रोगन करते हुए पेंटर। फोटो :हरिभूमि

नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में आगामी 14 मार्च से 52वें तीन दिवसीय विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंदिर परिसर की साज-सज्जा और रंग रोगन का कार्य चल रहा है। वहीं प्रभात फेरी निकालने सहित अन्य सभी गतिविधियों को लेकर ड्यूटियां भी लगा दी गई है। श्रद्धालुओं और मंदिर प्रबंधन कमेटी के सदस्यों में फाग महोत्सव को लेकर उत्साह है और सभी जी-जान से तैयारियों में जुट गए है। बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में दुल्हेंडी के दिन मेले का आयोजन होता है। दिल्ली, कोलकाता, राजस्थान, यूपी, दिल्ली, पुणे सहित पूरे भारतवर्ष से श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शन के लिए पहुंचते है। बाबा की समाधि पर पंखें चढ़ाने की अनोखी परपंरा है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा की समाधि पर मन्नत मांगता है, बाबा उनकी मनोकामना जरूर पूरी करते है। महंत परमानंद गिरी महाराज ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव के पहले दिन चौदह मार्च को जहां बाबा की समाधि पर श्रद्धालुओं द्वारा पंखे चढ़ाए जाएंगे अगले दिन पन्द्रह मार्च को कांशी के आचार्य वेदपाठी पं. रामनिवास पाठक व पं. नरेंद्र कुमार द्वारा हवन कार्य संपन्न कराया जाएगा। तीसरे दिन सत्रह मार्च को विशाल समष्टि भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा। वार्षिकोत्सव के दौरान पन्द्रह मार्च को जहां रात आठ बजे से ग्यारह बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा वहीं सोलह मार्च की दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक रात्रि आठ बजे से ग्यारह बजे तक कार्यक्रम में शामिल होने वाले संत-महात्माओं द्वारा प्रवचनों द्वारा ज्ञान दिया जाएगा। महंत परमानंद गिरी ने बताया कि मृत्यंजय गिरी महाराज व कमेटी सदस्यों द्वारा सात मार्च से जन जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित अलसुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। गीतानंद गिरी महाराज डमरू वाले व पंडित श्रवण कुमार नैष्ठिक ब्रह्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

---

# मां भीमेश्वरी से मांगी थी मन्नत

## पूरी हुई तो दर्शन करने बेरी पहुंचे दिल्ली सीएम के पति

- एक साथ देवी माता के दो मंदिर होना अपने आप में एक इतिहास है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** मां भीमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना करते हुए मनीष गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

धर्मनगरी बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता और विधायक कैलाश गहलोत ने पहुंचकर माता के दर्शन किए। उन्होंने मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन करते हुए विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित कुलदीप वशिष्ठ ने समाजसेवी मनीष गुप्ता व भाजपा विधायक कैलाश गहलोत को ऐतिहासिक कस्बा बेरी और माता भीमेश्वरी देवी के दोनों मंदिरों से जुड़े इतिहास की विस्तार से जानकारी दी। मंदिर से जुड़ी परंपरा जानने के बाद मनीष गुप्ता ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध माता भीमेश्वरी देवी मंदिर आकर सुखद महसूस हो रहा है। दिल्ली चुनाव में उन्होंने माता से मन्नत मांगी थी, जोकि पूरी हो गई। जगत माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे,ऐसी माता से प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि बेरी का इतिहास काफी पुराना है। एक साथ देवी माता के दो मंदिर होना अपने आप में एक इतिहास है। इन मंदिरों में महर्षि दुर्वासा के समय की पूजा पद्धति का आज भी अनुसरण हो रहा है, यह सराहनीय है। इस अवसर पर सचिन गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के विभागाध्यक्ष पीताम्बर गौड़, सेविका समिति की जिला संयोजक डॉक्टर सुमित्रा धनखड़, प्रवीण एडवोकेट, भूपेंद्र वत्स, प्रवीण ऐरन, राजेश वत्स, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर प्रिंस सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

### बैठने की व्यवस्था,उत्तर पुस्तिका वितरण व संबंधित दस्तावेज के रख-रखाव संबंधी सुरक्षा व्यवस्था की जांच की

# एसडीएम ने बेरी व डीघल में बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के चलते परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र डिस्पैच, उत्तर पुस्तिका वितरण व संबंधित दस्तावेज के रख-रखाव संबंधी सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसीपी अनिल कुमार भी साथ रहे। उन्होंने सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या बल, नकल रहित परीक्षा के लिए किए गए इंतजामों की जांच की। इसके अलावा पीसीआर, राइडर्स व पेट्रोलिंग टीम को भी परीक्षा केंद्रों के आसपास पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।



**बेरी।** परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि

#### एसडीएम और एसीपी ने परीक्षा केंद्रों का किया अवलोकन



**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। एसडीएम रविंद्र यादव और एसीपी अखिल कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि नकल करना और कराना दोनों अपराध हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**सूचना**

मैं, उषा रानी पत्नी श्री रविंद्र राठी निवासी मकान नंबर-575, सेक्टर-2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विक्रम और पुत्रवधु किरण मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### गुभाना से खाटू श्याम के लिए पैदल जत्था रवाना

**बहादुरगढ़।** इस वर्ष भी श्याम भक्तों का एक पैदल जत्था गांव गुभाना से खाटू श्याम के लिए मंगलवार को रवाना हुआ। इससे पहले श्री श्याम मंदिर में पूजा आरती की गई। सतवीर सिंह, कृष्णा, बिट्टू, गोपाल, कुलदीप, सुमित, सचिन, राजू, विकास, दीपक, मनदीप, कृष्ण, शीला, सुमन, सुनीता, मिथिलेश, राजबाला, कार्तिक, रिम्पी, बृजबाला, कमलेश व अतरो आदि पैदल ही रवाना हुए। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने बताया कि यह 29वीं खाटूश्याम पदयात्रा है। श्याम भक्त झज्जर, कोसली, कनीना, नारनौल, श्रीमाधोपुर व रींगस होते हुए 6 दिन में खाटू श्याम पहुंचेंगे।

### दुल्हेड़ा में रास्ता रोककर युवक से मारपीट

**बहादुरगढ़।** गोयला कलां गांव के निवासी एक युवक पर गांव दुल्हेड़ा में हमला हो गया। तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। वारदात वंश के साथ हुई है। वंश का कहना है कि वह बाइक पर सवार होकर दुल्हेड़ा गया था। दुल्हेड़ा में पहुंचने पर वहां के निवासी एक युवक और उसके दो दोस्तों ने मुझे रुकवाया तथा मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया। इसके बाद तीनों धमकी देकर चले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### पिस्तौल सप्लयार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** अपराधा जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले युवक सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इनके पास एक पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए। सीआईए को सूचना मिली थी कि सोनीपत का एक युवक पटेल नगर में रहता है। वह फिलहाल कसार के पास 66 फुटा रोड पर है और उसके पास हथियार हैं। सूचना पर सोनू कुमार की टीम मौके पर गई और आरोपी को पकड़ा। उसकी पहचान कर्ण के रूप में हुई।

### पंजाब में किसानों के दमन की निंदा

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल और सचिव जयकरण मांडोठी ने पंजाब के किसान नेताओं पर पुलिसिया दमन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने बताया कि किसान संगठनों ने सीएम से मुलाकात की, लेकिन उनकी मांगें नहीं मानी गईं। चंडीगढ़ में मार्च निकालने का फैसला लिया तो पुलिस ने किसानों कको घरों से गिरफ्तार कर लिया।

# दो अवैध कॉलोनियों में चली जेसीबी एक ढांचा, टायल की सड़कें उखाड़ी

## डीटीपी की टीम ने कुबेर कॉलोनी के साथ और सेक्टर-2 के सामने की कार्रवाई

- टीम ने कॉलोनियों में सुबह से शाम तक रोड नेटवर्क और डीपीसी को हटाया
- डीटीपी कार्यालय की टीम के साथ पुलिस का अमला पुलिस भी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार ने प्रशासन के सहयोग से बहादुरगढ़ व सराय औरंगाबाद के रकबे में बन रही दो अवैध कालोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान यहां बने रोड नेटवर्क समेत अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से उखाड़ा दिया गया। साथ ही आमजन को अवैध कॉलोनियों में प्लॉट नहीं खरीदने की सलाह दी गई। बता दें कि झज्जर रोड पर कुबेर एंकलेव एक्सटेंशन के नाम से तथा सेक्टर-2 ब्रह्माकुमारी केंद्र के सामने करीब 7 एकड़ भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों बनाई जा रही हैं। मंगलवार को डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ इन अवैध कॉलोनियों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचा। सुबह से शाम तक मौके पर बनी रोड नेटवर्क व डीपीसी को हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान एक ढांचे, 3 चारदीवारी, 8 डीपीसी तथा टायल से बनी सड़क को उखाड़ा गया।



**बहादुरगढ़।** अवैध कॉलोनी में ढांचा ढहाती डीटीपी की जेसीबी।



**बहादुरगढ़।** इंटरलॉकिंग टायलों से बनी सड़क उखाड़ती जेसीबी।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोग, तोड़फोड़ अभियान जारी रहेगा : डीटीपी

जिला नगर योजनाकार मनीष कुमार दहिया ने बताया कि बहादुरगढ़ के आउटर इलाके में दो अवैध कॉलोनियां काटे जाने का मामला संज्ञान में आया था। भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति ली गई। इसके बाद एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधानों के अनुसार जिला प्रशासन की मदद से मंगलवार को तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आमजन सस्ते रेटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आकर जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता अवैधता बारे पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। मनीष कुमार दहिया ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपनी जमा पूंजी को अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर बर्बाद न करे। जिला नगर योजनाकार ऐसे कॉलोनाइजरों पर नजरें बनाए हुए है और भविष्य में तोड़फोड़ अभियान जारी रखा जाएगा।

# तेजधार हथियार से की गई है महिला की हत्या

- मेहंदीपुर डाबोदा गांव में मिला था महिला का शव
- सदर थाने में अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मेहंदीपुर डाबोदा गांव में मिले महिला के शव पर कई जगह चोट के गहरे निशान मिले हैं। तेजधार हथियार से महिला को मौत के घाट उतारा गया है। महिला कौन है और उसे किसने उसको मारा, ये फिलहाल सवाल बना हुआ है। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या और शव को खुर्द बुर्द करने की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है।

दरअसल, सोमवार की रात को मेहंदीपुर डाबोदा में केएमपी के निकट खेतों में एक महिला का शव मिला था। शव कंबल और पल्ली में लिपटा हुआ था। मौके पर पुलिस ने लोगों से पूछताछ की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। महिला की कमर, छाती, हाथ, चेहरे व अन्य हिस्सों में गहरे निशान मिले हैं। तेजधार हथियार से महिला को मारा गया है। मारने के बाद खुर्द बुर्द करने के मकसद से शव यहां फेंक दिया गया। शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत होता है। मौके से कुछ भी ऐसा बरामद नहीं हुआ, जिससे महिला की शिनाख्त हो सके। सीन ऑफ क्राइम, एफएसएल टीम आदि ने भी साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए।

### जल्द होगा खुलासा

सोमवार की रात को मेहंदीपुर डाबोदा में एक महिला का शव मिला था। तेजधार हथियार से महिला की हत्या की गई है। हत्या का केस दर्ज कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। तमाम चौकी, थानों से गुमशुदा महिलाओं का रिकार्ड लिया जा रहा है। आसपास गांवों में भी पूछताछ की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात को सुलझाने का प्रयास है।

**- बृजेंद्र सिंह, एसएचओ, सदर थाना बहादुरगढ़**

### पहचान करना चुनौती

हत्या की इस गुत्थी को सुलझाने के साथ-साथ महिला की पहचान करना भी पुलिस के लिए चुनौती रहेगी। फिलहाल पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस की कई टीमें तफ्तीश में जुट गई हैं।

# दहकोरा के सरकारी स्कूल से 19 कंप्यूटर और हेडफोन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में सरकारी स्कूल चोरों के निशाने पर हैं। अब गांव दहकोरा के सरकारी स्कूल को निशाना बनाया गया है। यहां लगभग 19 कंप्यूटर सेट, हेडफोन सहित अन्य सामान पर हाथ साफ किया गया है। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, सुबह जब स्कूल खोलने का समय हुआ तो ताले टूटे हुए थे। कंप्यूटर लैंग्वेज लैब में सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच के दौरान 19 कंप्यूटर सेट और सात कंप्यूटर हेडफोन गायब मिले। इस सामान की कीमत लाखों में है। इसके बाद प्रिंसिपल सुभाष सिंह ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके के गांव मांडोठी, परनाला, दहकोरा, खरहर, लडरावण, कुलासी, नूना माजरा, लुकसर, बुपनिया, छारा सहित कई गांवों के सरकारी स्कूलों में वारदात हो चुकी है। दहकोरा के इस स्कूल में वर्ष 2021 में भी चोरी हुई थी।

# बजट में आमजन का ध्यान रखें सीएम

**बहादुरगढ़।** यशपाल हिंदुस्तानी ने सीएम नायब सैनी से मिलकर आगामी बजट में आमजन का ध्यान रखने का अनुरोध किया है। उनके अनुसार वित्त मंत्री के तौर पर अपने पहले बजट में सीएम नायब सैनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना शुरू कर सकते हैं। नायब बजट में गरीब परिवार के हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ खेल पर फोकस रहेगा। युवाओं, गरीबों और महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी। यशपाल हिंदुस्तानी ने बताया कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा जाए जिससे सभी को लाभ हो।

# विधायक ने बजट के लिए सीएम को दिए सुझाव

## राजेश जून ने कहा- हलके में विकास कार्यों के एस्टीमेट बजट में पास किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने हरियाणा सरकार के आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को कई सुझाव दिए। साथ ही हलके के विकास के कार्यों को लेकर मांग पत्र दिया। इसके अलावा विधायक ने टीकरी गांव से शुरू होकर निजामपुर, बामडोली, बराही गांव के बीच से होता हुए आसौदा के निकट हाइवे तक उत्तरी बाईपास बनाने की मांग की है। बता दें कि सरकार ने प्रदेश के सभी विधायकों से इसी महीने पेश किए जाने वाले बजट को लेकर सुझाव मांगे थे। विधायक राजेश जून ने सीएम नायब सैनी से कहा कि बहादुरगढ़ हलके में विकास को लेकर तैयार किए गए विकास कार्यों के एस्टीमेट इस बजट में पास किए जाएं।

### खाली बिल्डिंग में स्कूल बनाएं जा सकते हैं



**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी को सुझाव देते विधायक राजेश जून।

विधायक राजेश जून ने मुख्यमंत्री को गांवों की खाली बिल्डिंगों में नए स्कूल बनाकर उनमें अध्यापकों की नियुक्ति कर स्कूल शुरू करने, गौ माता को राज्य माता घोषित करने, बहादुरगढ़ शहर एक सुपर सकर मशीन उपलब्ध करवाने, ईएसआई हॉस्पिटलों के एमओयू रिन्यू करवाने, जम्मू कटरा हाइवे व केएमपी की क्रॉसिंग को गांव में निलोठी से कनेक्टिविटी देने जैसे कई अहम सुझाव दिए।

### बच्चों के लिए बसें हों

गरीब परिवार के विद्यार्थियों की ज्यादा संख्या होने के कारण सरकारी स्कूल दो शिफ्ट में लगाने या शहर से गांव में जाने के लिए बच्चों को यातायात की व्यवस्था उपलब्ध करवाने की मांग की है। शहर के खेल स्टेडियम निकाय के मातहत करने, शहर में सीजीएचएस की एक डिस्पेंसरी खुलवाने, सभी कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू करने, रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग की। विधायक ने उम्मीद जताई कि सीएम द्वारा बजट में उनके सुझाव समायोजित किए जाएंगे।

# स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तारी स्कूल बस की चपेट में आने से एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में बस चालक के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय भूप सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, भूप सिंह मंगलवार की सुबह करीब पौने 9 बजे किसी काम के सिलसिले में मातन गांव जा रहा था। घर से कुछ दूर आगे पहुंचा ही था कि पीछे से आई एक स्कूल बस की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से सड़क पर गिरे भूप सिंह को बस कुचलकर आगे बढ़ गई। मौके पर ही भूप सिंह की मौत हो गई। यह खबर पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, मांडोठी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। भूप सिंह की मौत से परिजन आहत हैं। लोगों ने घटना पर रोष जताया और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। पुलिस को शिकायत में परिजनों ने कहा है कि चालक की लापरवाही से हादसा हुआ, वह कुचलने के बाद मौके से फरार हो गया।



**बहादुरगढ़।** घटना स्थल पर पड़ा शव और मौजूद ग्रामीण।



**बहादुरगढ़।** मृतक के परिजनों के बयान लेती पुलिस।

# एसीपी ने कर्मियों को नशे के नुकसान बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को क्षेत्र के गांव याकूबपुर स्थित निजी कंपनी में एसीपी अखिल कुमार द्वारा कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों की पालना करने, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया गया। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि नशा करने से जहां हमारे शरीर को नुकसान होता है, वही समाज में हमारी छवि भी खराब होती है और हमें धन की हानि भी होती है। इसलिए स्वयं भी नशा न करें और दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अगर आपके आसपास क्षेत्र में कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसा कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराध से तभी बचा जा सकता है जब हम इसके प्रति जागरूक हो। उन्होंने बताया कि आज का युग टेक्निकल युग है। किसी के भी पास कोई भी ओटीपी मैसेज लिंक किसी अनजान नंबर से आए तो उसे पर क्लिक न करें तथा ओटीपी किसी के साथ साझा ना करें तभी हम साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं।



**झज्जर।** नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते एसीपी अखिल कुमार।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


### राजकीय महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले

# दौड़ में मनीषा, मनीष, शॉटपुट में अजय प्रथम



**बहादुरगढ़।** दौड़ में भाग लेते राजकीय महाविद्यालय के छात्र।



शॉटपुट में हाथ आजमाती कॉलेज की एक छात्रा।

- खेल संयोजक प्रो. अमित छिकारा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया
- 51वीं दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाएं करवाई, छात्रों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। प्राचार्या सुमन हुड्डा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ने के लिए यह आयोजन किया गया। खेल संयोजक प्रो अमित छिकारा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्साह व रुचि के साथ स्पोर्ट्स मीट में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रोहतक के राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ दर्शना देवी ने बतौर मुख्य अतिथि दो दिवसीय 51वें वार्षिक खेल सम्मेलन का उद्घाटन किया।

उनके द्वारा खेल-ध्वज फहराने के साथ ही मार्च पास्ट को सलामी दी गई। खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। इसी के साथ ही 51वें स्पोर्ट्स मीट का आगाज हुआ। दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाएं हुई। महिला वर्ग की 200 मीटर रेस में मनीषा प्रथम, दिव्या द्वितीय तथा दीपा तृतीय रही। पुरुष वर्ग की 400 मीटर रेस में प्रथम मनीष, द्वितीय हिमांशु और तृतीय यश रहा। शॉट पुट में प्रथम अजय, द्वितीय देवराज और तृतीय विशाल रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही प्रमाण पत्र दिए। मंच संचालन व कमेंट्री के दौरान प्रो विकास शौकीन ने खिलाड़ियों में असीम उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

### सकारात्मक बनाते हैं खेल : डॉ. दर्शना

प्रतियोगिता के दौरान डॉ. दर्शना देवी ने कहा कि कॉलेज जीवन के दौरान खेल गतिविधियां सकारात्मक प्रभाव छोड़ती हैं। विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व और पारस्परिक कौशल को आकार देने में भी मदद करती हैं। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने कहा कि खेल एक विद्यार्थी के जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। यह फिटनेस के साथ ही व्यक्तित्व के निर्माण और अनुशासित उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो राजीव दहिया, प्रो मनोज कुमार व प्रो राजीव आसीवाल ने भी विशेष योगदान दिया।

# अस्पताल में शव को सड़ने से बचाने के लिए बर्फ का सहारा

- अस्पताल के शवगृह में फ्रिजर खराब पड़े
- शवों के लिए पुलिस खुद लेकर आ रही बर्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में दम तोड़ रहे हैं। कभी यहां दवा नहीं मिलती तो कभी एक्सरे की फिल्म नहीं होती। हालात ये हैं कि यहां शवगृह के फ्रिजर तक खराब पड़े हैं। जिस कारण शवों की दुर्गति हो जाती है। शवों को सड़ने से बचाने के लिए बर्फ खरीदकर लानी पड़ रही है।

मंगलवार की सुबह ऐसा ही नजारा यहां देखने को मिला। एक थाने के एसएचओ खुद ई-रिक्शा में बर्फ की सिल्लियां खरीदकर लेकर आए और शवगृह में रखवाई। दरअसल, यहां के शवगृह में अक्सर समस्या गहराई रहती है। शवगृह में चार फ्रिजर बताए जाते हैं। पिछले कुछ समय से दो फ्रिजर खराब हैं। शेष दो फ्रिजर के सहारे व्यवस्था चल रही है। कई बार शवगृह में चार से पांच शव आ जाते हैं। जिस कारण दिक्कतें बढ़ जाती हैं। हालात तब गंभीर हो जाते हैं, जब अज्ञात शव मिलते हैं। ये शव 72 घंटे के लिए रखवाए जाते हैं। ऐसे में इनके लिए बर्फ की व्यवस्था करनी पड़ती है। कई बार प्रबंधन की ओर से फ्रिजर ठीक भी कराए जाते हैं लेकिन फिर से खराबी आ जाती है। यहां काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मी भी बेबस नजर आते हैं।



**बहादुरगढ़।** शवगृह में रखने के लिए रिक्शा में लाई गई बर्फ की सिल्ली।

### लिफ्ट खराब, ट्रॉमा में एक्सरे की फिल्म नहीं

दूसरी तरफ, यहां साल भर से लिफ्ट खराब हैं। यहां तक कि इतने ही समय से ट्रामा सेंटर के एक्सरे रूम में फिल्म उपलब्ध नहीं है। मोबाइल से रिपोर्ट का फोटो खींचना पड़ता है। यदि किसी के पास कैमरे वाला फोन न हो तो उसे दिक्कतें झेलनी पड़ती है। मंगलवार को एक मरीज इसी परेशानी से जूझता नजर आया।